# कोहली और कुंबले सेम पेज पर नहीं थे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अनिल कुंबले ने साल 2017 में भारतीय टीम के हेड कोच का पद छोड़ दिया था। कुंबले का कार्यकाल एक साल तक चला था और कुंबले ने कहा था कि विराट कोहली के साथ उनका रिश्ता अस्थिर हो गया था। अब अनिल कुंबले और विराट कोहली के बीच आखिर ऐसी क्या बात थी जिसे लेकर दोनों के बीच का रिश्ता बेहद खराब हो गया था। इसके बारे में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मैनेजर रत्नाकर शेट्टी ने बताया। रत्नाकर शेट्टी ने कोहली और कुंबले के संबंधों पर बात करते हुए कहा कि कुछ लोग थे जो नहीं चाहते थे कि अनिल कुंबले हेड कोच के तौर पर भारतीय टीम के साथ जुड़े रहें। शेट्टी ने साफ किया कि कोहली और कुंबले सेम पेज पर नहीं थे और इस मामले में कोहली का पलड़ा भारी था। द इंडियन एक्सप्रेस के हवाले से शेट्टी ने लिखा था कि यह स्पष्ट था कि कुछ लोग नहीं चाहते थे कि अनिल कोच के रूप में बने रहें। कप्तान और कोच एक ही पैटर्न पर नहीं दिखते थे और ऐसा लग रहा था कि कप्तान का हाथ ऊपर था।


कोहली खुश नहीं थे

रत्नाकर शेट्टी ने यह भी कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच 2017 चैंपियंस ट्राफी के फाइनल से पहले इंग्लैंड में एक बैठक हुई थी। वहां पर यह कहते हुए कि कोहली खुश नहीं थे क्योंकि कुंबले खिलाड़ियों के लिए खड़े नहीं थे। शेट्टी ने यह कहते हुए निष्कर्ष निकाला कि कोहली को लगा कि ड्रेसिंग रूम में तनावपूर्ण माहौल है। शेट्टी के मुताबिक उन्हें बाद में चैंपियंस ट्राफी के फाइनल से पहले लंदन में हुई एक बैठक के बारे में पता चला, जिसमें हम पाकिस्तान से हार गए थे। जाहिर है, विराट अनिल से श्खिलाड़ियों के लिए खड़े नहीं होने और ड्रेसिंग रूम में तनावपूर्ण माहौल बनानेश के लिए खुश नहीं थे। इसके अलावा भी कुछ अन्य बातें थी जिससे दोनों के बीच तनाव था।

# कुलदीप यादव और चहल की जोड़ी को अब मिलेगा मौका

**क्रिकेट**

## पहली बार वनडे सीरीज में फुलटाइम कप्तान बनकर उतरेंगे रोहित शर्मा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के तीनों फार्मेट की कप्तानी से अब विराट कोहली पूरी तरह से दूर हो गए हैं। टी20 और टेस्ट की कप्तानी उन्होंने छोड़ी जबकि वनडे से उनको चयनकर्ताओं ने हटा दिया। टेस्ट के कप्तान पर फैसला होना बाकी है लेकिन बाकी दोनों फार्मेट की कमाल रोहित शर्मा को दी जा चुकी है। वेस्टइंडीज के खिलाफ वह पहली बार वनडे सीरीज में फुलटाइम कप्तान बनकर उतरेंगे। शनिवार को उन्होंने कहा कि वह कुलदीप को टीम में लाना चाहते थे उनका नाम कबसे दिमाग में था। रोहित ने कहा, देखिए यह बिल्कुल काफी अहम होने वाला है। ये दोनों ही खिलाड़ी इससे पहले हमारे लिए काफी अच्छा प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज रहे हैं। इन दोनों ने आपस में मिलकर एक प्रभाव डाला था उन सालों में जब ये साथ में खेले।




अब इस बीच में उनको क्यों बाहर किया गया क्योंकि टीम का काम्बिनेशन ऐसा था। हम चाहते थे कि एक अतिरिक्त बल्लेबाज टीम में आए तो कभी हम एक तेज गेंदबाज को रखना चाहते थे। यही वो वजह रही को इन दोनों में से एक को बाहर होना पड़ता था।

देखिए इन दोनों को वापस लाना मेरे दिमाग में था, खासकर कुलदीप जिनको इतना ज्यादा खेलने का मौका नहीं मिल पाया। मुझे लगता है शायद आइपीएल के बाद से ही जब वह टीम का हिस्सा थे और फिर चोटिल होकर बाहर होना पड़ा। तब से ही वह बाहर चल रहे हैं उनको खेलने का ज्यादा मौका नहीं मिल पाया। हम चाहते हैं कि वह आहिस्ता आहिस्ता अपने आप को वापस लाए। उनको लेकर हम कोई जल्दी नहीं करना चाहते हैं। क्योंकि जल्दी करने से ना तो यह टीम के लिए अच्छा होगा और ना ही उनके लिए। तो जरूरी है कि उनको कुछ वक्त दिया, अपने रंग में आने में वक्त लगता है।

हम नहीं चाहते है कि उनसे उम्मीद के ज्यादा चाहत की जाए क्योंकि ऐसा करने से स्थिति खराब हो सकती है। तो हमें जरूरी है कि इन सब चीजों को अच्छे से देखा जाए। चहल और कुलदीप दोनों ही हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं।

# न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर क्रिस केर्न्स को आंत का कैंसर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर क्रिस केर्न्स पिछले हफ्ते ही 5 महीने तक अस्पताल में रहने के बाद डिस्चार्ज हुए थे। उनके दिल का ऑपरेशन हुआ था। स्पाइनल स्ट्रोक की वजह से उनका ऑपरेशन हुआ था। अब केर्न्स ने खुलासा किया है कि उन्हें आंत का कैंसर है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। 51 साल के केर्न्स 2000 की दशक के शुरुआत में दुनिया के टॉप ऑलराउंडर में शामिल थे।

केर्न्स ने सोशल मीडिया पर बताया कि वे नियमित जांच के लिए अस्पताल गए थे, तभी उन्हें कैंसर होने की जानकारी मिली। केर्न्स ने लिखा, श्मुझे कल बताया



गया था कि मुझे आंत का कैंसर है। बड़ा सदमा और वह नहीं जिसकी मैं नियमित जांच के बाद उम्मीद कर रहा था। इसलिए, जब मैं सर्जनों और विशेषज्ञों के साथ बातचीत के एक और दौर की तैयारी करता हूं, तो मुझे याद आता है कि मैं होने पर कितना भाग्यशाली हूं। मैं अपने जीवन में जो कुछ भी करता हूं उसके लिए धन्य हूं। उम्मीद है कि इस बार यह जंग पहले दौर में ही खत्म हो जाएगी। केन्स ने 1989 से 2006 के बीच न्यूजीलैंड के लिए 62 टेस्ट, 215 वनडे और दो टी20 मैच खेले थे। उनके पिता भी न्यूजीलैंड के लिए खेल चुके हैं। वे इंडियन क्रिकेट लीग (आईसीएल) में चंडीगढ़ लायंस के कप्तान भी थे। केर्न्स पर फिक्सिंग के भी आरोप लगे थे। उनके खिलाफ दो केस हुए, लेकिन बाद में आरोप साबित नहीं हुआ।

क्रिकेट से संन्यास लेने के समय क्रेन्स टेस्ट में सबसे ज्यादा 87 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज थे। टेस्ट में उनके नाम 3320 रन के साथ 218 विकेट हैं। वे इस फॉर्मेट में 200 विकेट के साथ तीन हजार से ज्यादा रन बनाने वाले छठे खिलाड़ी थे। केर्न्स के नाम वनडे में भी 201 विकेट और 4950 रन हैं। उन्होंने वनडे क्रिकेट में भी 153 छक्के लगाए थे।

## 40 साल की उम्र में शोएब मलिक का कमाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान सुपर लीग के 11वें मैच में पेशावर जाल्मी ने कराची किंग्स को 9 रन से हराया। लीग में एक से बढ़कर एक रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। पेशावर और कराची का मुकाबला भी कुछ ऐसा ही था। कराची की टीम ने अंतिम दो ओवर में 33 रन बनाए, फिर भी लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई। पेशावर की जीत में 40 साल के शोएब मलिक ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने बल्ले से कमाल करने के बाद गेंदबाजी में भी विकेट लिए। पहले खेलते हुए पेशावर ने 4 विकेट पर 173 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज हजरतुल्लाह जजई ने 27 गेंद पर 41 रन बनाकर तेज शुरुआत दी। पहले 6 ओवर में ही टीम का स्कोर 50 के पार पहुंच गया था, लेकिन टीम के लिए सबसे अहम पारी शोएब मलिक ने खेली। मलिक ने 28 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाए। उन्होंने सिर्फ 25 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। मलिक की पारी में 5 चौकों के साथ ही 2 छक्के भी शामिल थे। बेन कटिंग ने भी 24 रन बनाए। कराची के लिए उमैद आसिफ ने 3 विकेट लिए।

## न्यूज डायरी




### ईशान किशन करेंगे शिखर धवन की गैरमौजूदगी में ओपनिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। भारत के नए वनडे कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले एकदिवसीय में ईशान किशन उनके साथ पारी का आगाज करेंगे, क्योंकि टीम में इस युवा के अलावा कोई विकल्प उपलब्ध नहीं हैं और मयंक अग्रवाल भी अपना अनिवार्य पृथकवास पूरा कर रहे हैं। शिखर धवन और रुतुराज गायकवाड़ कोविड–19 पॉजिटिव आये थे और अब पृथकवास में हैं जिसके बाद किशन को वनडे टीम में शामिल किया गया था। रोहित ने श्रृंखला के शुरुआती मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'हमारे पास ईशान किशन एकमात्र विकल्प हैं और वह मेरे साथ पारी का आगाज करेंगे।' उन्होंने कहा, 'मयंक को टीम में शामिल किया गया था, पर वह अब भी पृथकवास में हैं। वह देर से टीम से जुड़े और हमारे कुछ नियम हैं। अगर कोई यात्रा करता है तो हम उसे तीन दिन के अनिवार्य पृथकवास में रखते हैं। उनका पृथकवास अभी पूरा नहीं हुआ है इसलिये ईशान पारी का आगाज करेंगे।'

### भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला वनडे 6 फरवरी को है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 6 फरवरी को वनडे सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। यह भारत को 1000वां वनडे मैच होगा। टीम ने अब तक 999 मैच खेले हैं और 518 जीत दर्ज की हैं। उसे 431 हार का सामना करना पड़ा है। इसमें से नौ मैच टाई पर समाप्त हुए हैं जबकि 41 मैचों का कोई नतीजा नहीं निकला। भारत एक हजार वनडे मैच खेलने वाला दुनिया का पहला देश होगा। टीम इंडिया ने पहला वनडे 13 जुलाई 1974 को इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। उस मैच में टीम को 4 रन से हार मिली थी। टीम को पहली जीत 11 जून 1975 को ईस्ट अफ्रीका के खिलाफ मिली थी। भारत के 999 मैचों में सचिन तेंदुलकर ने 463 मैच खेले हैं। उन्होंने 2012 में आखिरी वनडे खेला था। उस समय तक टीम इंडिया ने 804 मैच खेले थे।

### जस्टिन लैंगर के इस्तीफे पर हेडन ने आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों पर साधा निशाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के पद से जस्टिन लैंगर के इस्तीफा देने पर भावुक हुए मैथ्यू हेडन ने सार्वजनिक रूप से लैंगर का समर्थन नहीं करने के लिए खिलाड़ियों की आलोचना की है। पूर्व तेज गेंदबाज मिशेल जानसन ने भी नाराजगी जताई है। लैंगर की कोचिंग में आस्ट्रेलिया ने टी 20 विश्व कप और एशेज सीरीज 4–0 से जीती। उनकी कोचिंग शैली को लेकर खिलाड़ियों की लगातार शिकायत की खबरों के बीच उन्होंने शनिवार को पद छोड़ दिया। लैंगर के इस कदम से हेडन भावुक हो गए और उन्होंने खिलाड़ियों की जमकर आलोचना की। हेडन ने एबीसी स्पोर्ट से कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि उन्हें किसी का समर्थन नहीं मिला। उन्होंने कप्तान पैट कमिंस की आलोचना की, जो उन खिलाड़ियों में से एक थे जिन्होंने पिछले साल लैंगर की कोचिंग शैली के बारे में चिंता जताई थी और पूरी मूल्यांकन प्रक्रिया को अस्वस्थ बताया था।

### रोहित शर्मा वनडे कप्तान के तौर पर कोहली स्टाइल की क्रिकेट खेलेंगे !

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला वनडे मुकाबला 6 फरवरी को अहमदाबाद में खेला जाएगा। उससे पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टीम इंडिया की तैयारियों से लेकर रणनीति हर मसले पर बातचीत की। रोहित शर्मा अब भारतीय वडने टीम के फुल टाइम कप्तान हैं और अब एक नए अध्याय की शुरुआत हो चुकी है। रोहित शर्मा क्या अब अपने स्टाइल की क्रिकेट खेलेंगे या फिर विराट कोहली के नेतृत्व में भारत जिस टेम्पलेट का इस्तेमाल कर रहा था उसे ही जारी रखा जाएगा। विराट कोहली की कप्तानी में भारत का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है, हालांकि आइसीसी टूर्नामेंट में वो सफल नहीं रहे थे।